भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

04.03.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2247 का उत्तर

श्रेणी-वार भर्ती

2247. श्री गिरीश चन्द्रः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर रेलवे में विगत पांच वर्षों के दौरान रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा की गई कुल भर्तियों की संख्या का श्रेणी-वार (अनारक्षित/ओबीसी/ईबीसी/ एससी/एसटी) ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारतीय रेल में रेलवे भर्ती बोर्ड के माध्यम से भर्तियों के लिए कोई जोन-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार मानदंड है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा विगत पांच वर्षों के दौरान भारतीय रेल में भर्ती किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

श्रेणी-वार भर्ती के संबंध में दिनांक 04.03.2020 को लोक सभा में श्री गिरीश चन्द्र के अतारांकित प्रश्न सं. 2247 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): गत पांच वर्ष अर्थात 2015-16 से 2019-20 (26.02.2020 तक) के दौरान उत्तर रेलवे के लिए रेल भर्ती बोर्डों (आरआरबी)/इलाहाबाद, चंडीगढ़ और जम्मू-श्रीनगर द्वारा विभिन्न ग्रुप 'सी' पदों (लेवल-1 सहित) के लिए कुल 22,119 उम्मीदवारों को पैनलबद्ध किया गया है। कोटि-वार (अनारक्षित/अ.पि.व./ई.बी.सी/अ.जा./अ.ज.जा) और वर्ष-वार ब्यौरा नीचे दिया गया हैः-

उत्तर रेलवे के लिए रेल भर्ती बोर्डों द्वारा की गई भर्ती							
वर्ष	अनारक्षित	अ.पि.व.	ई.बी.सी.#	अ.जा.	अ.ज.जा	ईडब्ल्यूएस	कुल
2015-2016	**1580**	**994**	**0**	**537**	**278**	लागू नहीं	**3389**
2016-2017	**744**	**441**	**0**	**256**	**57**	लागू नहीं	**1498**
2017-2018	**850**	**338**	**0**	**191**	**168**	लागू नहीं	**1547**
2018-2019	**152**	**94**	**0**	**42**	**19**	लागू नहीं	**307**
2019-2020 (26.02.2020 तक)	**7664**	**4237**	**0**	**2276**	**1171**	**30**	**15378***
कुल	**10990**	**6104**	**0#**	**3302**	**1693**	**30**	**22119***

***लेवल-1 पदों सहित**

 # केंद्र सरकार द्वारा नहीं रखा जाता।

(ख) और (ग): जी नहीं। भारतीय रेल अखिल भारतीय स्तर का संगठन है। उम्मीदवार विज्ञापनों के प्रत्युत्तर में देशभर में स्थित किसी भी रेल भर्ती बोर्ड को आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं। गत पांच वर्ष के दौरान सभी रेल भर्ती बोर्डों द्वारा भारतीय रेल/उत्पादन इकाइयों पर उत्तर प्रदेश से कुल 23,118 उम्मीदवारों की भर्ती की गई है।

****